तीन कॉलेजों में छह नकलची पकड़े गए

रुड़की। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाओं के मद्देनजर उड़नदस्ते टीम के साथ विवि के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने रुड़की क्षेत्र के कॉलेजों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तीन कॉलेजों में छह छात्रों को नकल करते पकड़ा। कुलपति ने कॉलेजों में परीक्षा तिथियों की वीडियो रिकार्डिंग तलब कर जांच के निर्देश दिए हैं। शनिवार को कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने उड़न दस्ते की टीम के साथ क्षेत्र के कॉलेजों में चल रही परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। टीम ने टीम ने बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज के परीक्षा कक्षों में चेकिंग के दौरान नकल कर रहे तीन छात्रों को पकड़ा। अरिहन्त लॉ कालेज में लॉ की एक छात्रा को पकड़ा गया। संवाद